✧˖°*❋ ❋*°˖✧

# शिवाष्ट्कम्: जय शिवशंकर, जय गंगाधर
# (Shivashtakam: Jai ShivShankar Jai Gangadhar )

✧˖°*❋ ❋*°˖✧

# शिवाष्ट्कम्: जय शिवशंकर

जय शिवशंकर, जय गंगाधर, करुणाकर करतार हरे,
जय कैलाशी, जय अविनाशी, सुखराशी सुख-सार हरे,
जय शशि-शेखर, जय डमरू-धर, जय जय प्रेमागार हरे,
जय त्रिपुरारी, जय मदहारी, अमित अनन्त अपार हरे,
निर्गुण जय जय सगुण अनामय, निराकार, साकार हरे ,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ १ ॥

जय रामेश्वर, जय नागेश्वर, वैद्यनाथ, केदार हरे,
मल्लिकार्जुन, सोमनाथ जय, महाकाल ओंकार हरे,
त्रयम्बकेश्वर, जय घुश्मेस्वर, भीमेश्वर, जगतार हरे,
काशीपति, श्री विश्वनाथ जय, मंगलमय अघ-हार हरे,
नीलकण्ठ जय, भूतनाथ, मृत्युंजय, अविकार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ २ ॥

जय महेश, जय जय भवेश, जय आदिदेव महादेव विभो,
किस मुख से हे गुणातीत प्रभु, तव महिमा अपार वर्णन हो,
जय भवकारक, तारक, हारक, पातक-दारक, शिव शम्भो,
दीन दुःखहर, सर्व सुखाकर, प्रेम सुधाकर शिव शम्भो,
पार लगा दो भवसागर से, बनकर करुणाधार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ३ ॥

जय मनभावन, जय अतिपावन, शोक-नशावन शिव शम्भो,
सहज वचन हर, जलज-नयन-वर, धवल-वरन-तन शिव शम्भो,
विपद विदारन, अधम उबारन, सत्य सनातन, शिव शम्भो,
सहज वचन हर, जलज-नयन-वर, धवल-वरन-तन शिव शम्भो,
मदन-कदन-कर पाप हरन हर-चरन मनन धन शिव शम्भो,
विवसन, विश्वरूप प्रलयंकर, जग के मूलाधार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ४ ॥

भोलानाथ कृपालु दयामय, औघड़दानी शिव योगी,
निमित्र मात्र में देते हैं, नवनिधि मनमानी शिव योगी,
सरल हृदय अतिकरुणा सागर, अकथ कहानी शिव योगी,
भक्तों पर सर्वस्व लुटा कर बने मसानी शिव योगी,
स्वयं अकिंचन, जनमन रंजन, पर शिव परम उदार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ५॥

आशुतोष इस मोहमयी निद्रा से मुझे जगा देना,
विषय-वेदना से विषयों को माया-धीश छुड़ा देना,
रूप-सुधा की एक बूँद से जीवन मुक्त बना देना,
दिव्य-ज्ञान-भण्डार-युगल-चरणों में लगन लगा देना,
एक बार इस मन मन्दिर में कीजे पद संचार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ६ ॥

दानी हो, दो भिक्षा में अपनी अनपायनि भक्ति प्रभो,
शक्तिमान हो, दो तुम अपने चरणों में अनुरक्ति प्रभो,
पूर्ण ब्रह्म हो, दो तुम अपने रूप का सच्चा ज्ञान प्रभो,
स्वामी हो, निज सेवक की सुन लेना करुण पुकार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ७ ॥

तुम बिन, व्याकुल हूँ प्राणेश्वर आ जाओ भगवंत हरे,
चरण-शरण की बांह गहो, हे उमा-रमण प्रियकंत हरे,
विरह व्यथित हूँ, दीन दुःखी हूँ, दीन दयालु अनन्त हरे,
आओ तुम मेरे हो जाओ, आ जाओ श्रीमन्त हरे,
मेरी इस दयनीय दशा पर, कुछ तो करो विचार हरे,
पार्वती पति, हर हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे ॥ ८ ॥

≪•◦ ❈ ◦•≫

# Shivashtakam: Jai ShivShankar

Jay Shivashankar, Jay Gangadhar, Karunakar Kartar Hare,
Jay Kailashi, Jay Avinashi, Sukharashi Sukh-Saar Hare,
Jay Shashi-Shekhar, Jay Damaru-Dhar, Jay Jay Premagar Hare,
Jay Tripurari, Jay Madahari, Amit Anant Apar Hare,
Nirgun Jay Jay Sagun Anamay, Nirakar, Sakar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 1 ||

Jay Rameshwar, Jay Nageshwar, Vaidyanath, Kedar Hare,
Mallikarjun, Somanath Jay, Mahakal Omkar Hare,
Trayambakeshwar, Jay Ghushmeshwar, Bhimeshwar, Jagatar Hare,
Kashipati, Shri Vishwanath Jay, Mangalmay Agh-Har Hare,
Nilakanth Jay, Bhootnath, Mrityunjay, Avikar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 2 ||

Jay Mahesh, Jay Jay Bhavesh, Jay Adidev Mahadev Vibho,
Kis Mukh Se He Gunateet Prabhu, Tav Mahima Apar Varnan Ho,
Jay Bhavakarak, Tarak, Harak, Patak-Darak, Shiv Shambho,
Deen Dukhhari, Sarv Sukhakar, Prem Sudhakar Shiv Shambho,
Par Laga Do Bhavasagar Se, Bankar Karunadhara Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 3 ||

Jay Manbhavan, Jay Atipavan, Shok-Nashavan Shiv Shambho,
Sahaj Vachan Har, Jalaj-Nayan-Var, Dhaval-Varan-Tan Shiv Shambho,
Vipad Vidaaran, Adham Ubaaran, Satya Sanaatan, Shiv Shambho,
Sahaj Vachan Har, Jalaj-Nayan-Var, Dhaval-Varan-Tan Shiv Shambho,
Madan-Kadan-Kar Paap Haran Har-Charan Manan Dhan Shiv Shambho,
Vivasan, Vishvaroop Pralayankar, Jag Ke Mooladhaar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 4 ||

Bholanath Kripalu Dayamay, Aughaddani Shiv Yogi,
Nimitra Maatra Mein Dete Hain, Navnidhi Manmaani Shiv Yogi,
Saral Hriday Atikaruna Saagar, Akath Kahani Shiv Yogi,
Bhakton Par Sarvasva Luta Kar Bane Masaani Shiv Yogi,
Swayam Akinchan, Janman Ranjan, Par Shiv Param Udaar Hare,

Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 5 ||

Aashutosh Is Mohamayi Nidra Se Mujhe Jaga Dena,
Vishay-Vedana Se Vishayon Ko Maya-Dheesh Chhuda Dena,
Roop-Sudha Ki Ek Boond Se Jeevan Mukta Bana Dena,
Divya-Gyaan-Bhandar-Yugal-Charanon Mein Lagan Laga Dena,
Ek Baar Is Man Mandir Mein Kije Pad Sanchaar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 6 ||

Daani Ho, Do Bhiksha Mein Apni Anapaayani Bhakti Prabho,
Shaktimaan Ho, Do Tum Apne Charanon Mein Anurakti Prabho,
Poorn Brahm Ho, Do Tum Apne Roop Ka Sachcha Gyaan Prabho,
Swaami Ho, Nij Sevak Ki Sun Lena Karuna Pukaar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 7 ||

Tum Bin, Vyaakul Hoon Praneshwar Aa Jaao Bhagwant Hare,
Charan-Sharan Ki Baanh Gaho, He Uma-Raman Priyakant Hare,
Virah Vyathit Hoon, Deen Dukhi Hoon, Deen Dayaalu Anant Hare,
Aao Tum Mere Ho Jaao, Aa Jaao Shreemant Hare,
Meri Is Dayaaniya Dasha Par, Kuch To Karo Vichaar Hare,
Parvati Pati, Har Har Shambho, Pahi Pahi Dataar Hare || 8 ||

✧˖┈┈°*❋ ❋*°┈┈˖✧